## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंख में मिर्च पावडर डालकर मोबाइल लूटा

**रायपुर (आरएनएस)।** वीर शिवाजी नगर के सामने बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने एक्टिवा सवार युवक के आंख में मिर्च पावडर डालकर मोबाइल फोन लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मारूति लाइफ स्टाईल कोटा निवासी प्रार्थी शिशिर अग्रवाल 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई श्रवण जगनानी कल रात दुकान बंद कर एक्टिवा से अपने घर आ रहा था। तभी वीर शिवाजी नगर के सामने बाइक सवार अज्ञात दो युवक उसके पास आए और आंख में मिर्च पावडर डालकर बेट से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। जिससे श्रवण एक्टिवा से नीचे गिर गया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के मोबाइल लूट कर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** जनता कालोनी गुढियारी स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जनता कालोनी गुढियारी निवासी प्रार्थी पूनाराम साहू 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल शाम वह अपने घर में ताला लगाकर कहीं गया हुआ था। जब रात साढ़े 9 बजे वापस लौटा तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से मासूम की मौत, बुजुर्ग महिला घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम बाना स्थित होटल के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची व बुजुर्ग महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग महिला घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बना निवासी रोशन यादव 31 वर्ष बीएमएस कोल्ड फैक्ट्री के पास होटल चलाता है। बताया जाता है कि कल दोपहर उसकी डेढ़ साल की पुत्री होटल के सामने खेल रही थी, तभी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनएस 4296 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची व उसकी दादी कौशल्या को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं दादी कौशल्या घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 नशेडिय़ों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मेटल पार्क रावाभाठा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अमल सिंह ध्रुव 50 वर्ष व रिकेश कुमार 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विरेंद्र देवांगन 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी अतुल शर्मा 20 वर्ष, ओम शर्मा 21 वर्ष, पंकज मंगल 32 वर्ष व चेतन राठौर 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी शिवराज ताण्डी 19 वर्ष, नीसू सबर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सूदन निषाद 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# बेरला में माता बिंदेश्वरी देवी के नाम पर होगा मातृ शिशु अस्पताल : मुख्यमंत्री

**❒ मुख्यमंत्री ने बेरला में जिम और इंडोर स्टेडियम, भिंभौरी में विद्युत सब-स्टेशन और हसदा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल की घोषणा**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बेमेतरा जिले में बेरला प्रवास के दौरान माता बिंदेश्वरी बघेल स्मृति सामुदायिक मनवा कुर्मी भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला के 30 बिस्तर अस्पताल को मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच-मदर एण्ड चाइल्ड हॉस्पिटल) में उन्नयन कर 50 बिस्तर करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस अस्पताल का नामकरण माता बिंदेश्वरी देवी के नाम पर किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम हसदा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रारंभ करने, बेरला में जिम और इनडोर स्टेडियम, भिंभौरी में विद्युत विभाग के सब स्टेशन निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा उन्होने सामुदायिक भवन के आहाता के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। बघेल ने सामुदायिक भवन परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक आशीष कुमार छाबड़ा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज के अध्यक्ष चंद्रशेखर परगनिहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बेरला राजबिहारी कुर्रे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए इस भवन का उपयोग होगा। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं का प्रदेश छत्तीसगढ़ खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष धान की फसल बढ़िया थी, धान की कटाई मिंजाई हो गई है। धान उपार्जन का कार्य बड़े पैमाने पर सुव्यवस्थित रुप से चल रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा 98 लाख मीट्रिक टन खरीदी किया गया था। मुख्यमंत्री ने किसानों से गौठान में पैरादान करने की अपील की जिससे कि गौ-माता को भोजन के रुप में चारा मिल सकेगा। उन्होंने खेती-किसानी में रासायनिक खाद के उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है। किसान भाई जैविक खेती और कम्पोस्ट खाद का उपयोग कर अपनी पैदावार बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को आगामी पर्व छेर-छेरा पुन्नी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के हित में योजनाएं चलाई जा रही है। राम-वन-गमन पथ हेतु 138 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। कार्यक्रम को विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया।

## आपसी विवाद में प्रधान आरक्षक को गोली मारने वाला जवान गिरफ्तार


**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पीजी कॉलेज में भानुप्रतापपुर उपचुनाव के बाद ईव्हीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रॉग रूम में 11वीं बटालियन बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। यहां तैनात जवानों के आपसी विवाद के बाद आरक्षक पुरषोत्तम सिंग ने रविवार की सुबह 08 बजे अपनी इंसास रायफल से प्रधान आरक्षक सुरेंद्र भगत को गोली मार दी, जिसमें सुरेंद्र भगत की मौके पर ही मौत हो गई है। इसके बाद आरोपी जवान ने एक और आरक्षक बृजेश भरद्वाज पर भी गोली चलाई, लेकिन उसकी किस्मत अच्छी थी कि वह बच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फायरिंग करने के बाद आरक्षक पुरषोत्तम सिंग स्ट्रॉग रूम के अंदर अपने आप को बंद कर लिया था, जिसे मौके पर पंहुची पुलिस ने आरोपी आरक्षक पुरषोत्तम सिंग को पकड़ लिया है। पुलिस अधिकारी गोली मारने वाले आरोपी जवान से पूछताछ कर रही है। बस्तर संभाग में नक्सल इलाकों में तैनात जवानों के बीच आपसी संघर्ष में फायरिंग की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जवानों द्वारा अपने ही साथी जवानों पर फायरिंग की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिसमें कई जवानों की मौत हो चुकी है।

घटना रविवार सुबह 8 बजकर 5 मिनट की है। घटना की खबर लगते ही भारी संख्या में जवानों की तैनाती मौके पर की गई है। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सुरक्षा के लिए जवान बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर तैनात हैं, क्योंकि आरोपी जवान को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है और उसके हाथ में हथियार होने के कारण वो फिर से किसी जवान पर हमला कर सकता है।

## अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया -बजाज

**❒ कार्यकर्ताओं ने मन की बात का भी सामूहिक श्रवण किया**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर खम्हारडीह रायपुर के बूथ क्रमांक 97 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है , आज छत्तीसगढ़ विकसित रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है तो यह अटल की ही देन है. कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का भी सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में पार्षद रोहित कुमार साहू, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण साहू, पी.आर.पारधी, श्रीमती बेला साहू, रजत साहू, नितिन साहू, मोहित साहू, करण साहू, भेखराम साहू, सालिकराम साहू एवं खेमराज साहू सहित बूथ के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# औचक निरीक्षण में धान तौलाई में गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर कलेक्टर ने की कार्यवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने जिले में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए 23 दिसंबर शुक्रवार को धान खरीदी केन्द्र नागपुर पहुंचे। वहां किसानों से खरीदी गए धान के बोरों की रैण्डम तौलाई के दौरान गड़बड़ी का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने प्रभारी राकेश कुमार को न सिर्फ फटकार लगायी बल्कि उसे कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए। खरीदी केन्द्र में तौलाई के बोरों में निर्धारित वजन से ज्यादा मात्रा पायी गई। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर को जिले के सभी धान केन्द्रों में



धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने इस मौके पर किसानों से भुगतान के संबंध में भी जानकारी ली। धान उर्पाजन केन्द्र नागपुर में धान बेचने के लिए कुल 569 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसमें से 319 किसानों से अब तक 14 हजार 250 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसके एवज में किसानों को एक करोड़ 56 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर ध्रुव ने इसके पश्चात् धान खरीदी केन्द्र बरबसपुर का जायजा लिया। केन्द्र प्रभारी चन्द्रप्रकाश साहू को किसानों की धान की तौलाई में मात्रा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित मात्रा एवं नमी का ध्यान रखकर ही किसानों से धान खरीदी की जानी चाहिए। बरबसपुर केन्द्र में पंजीकृत 853 किसानों में से अब तक 432 किसानों से कुल 18 हजार 362 क्विंटल धान की खरीदी की गई और 36.72 करोड़ का भुगतान किसानों के खाते में किया जा चुका है। गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के लिए कुल 23 केन्द्र बनाये गए है। इन केन्द्रों में 23 दिसंबर तक 3.82 लाख क्विंटल धान का उर्पाजन समर्थन मूल्य पर किया जा चुका है, जिसमें से 2.65 लाख क्विंटल धान का उठाव कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा किया जा चुका है, जो कि उर्पाजित धान की मात्रा का लगभग 70 प्रतिशत है। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को उर्पाजन केन्द्रों में धान की शेष मात्रा का उठाव तेजी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।



मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत मिलन चौक स्थित बल्ला प्लाट पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है, जो आने जाने वालो लोगों को कट्टा दिखाकर डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकडक़र पूछताछ किया, तो आरोपी ने अपना नाम मनीष साहू उर्फ गोलू निवासी मठपुरैना टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मनीष साहू उर्फ गोलू की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा एवं जिंदा कारतूस रखा होना पाया। जिस पर आरोपी मनीष साहू उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग कट्टा एवं 01 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा कट्टा व जिंदा कारतूस को मध्य-प्रदेश से लाना बताया गया है। आरोपी मनीष साहू उर्फ गोलू आदतन व शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ थाना टिकरापारा में लूट, नारकोटिक्स एक्ट, आम्र्स एक्ट, आबकारी एक्ट, मारपीट सहित अन्य मामलों के कुल 2 दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है, जिनमें वह जेल भी जा चुका चुका है। आरोपी विगत 01 सप्ताह पूर्व ही लूट के मामले में जेल से बाहर आया है।

## तेंदुए के हमले से 8 साल का बच्चा घायल, गांव में दहशत

**मनेंद्रगढ़ (आरएनएस)।** एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ वन मंडल कुंवारपुर के छपराटोला में तेंदुए ने मासूम बालक को अपना शिकार बनाया है. तेंदुए के हमले से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे जनकपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र लाया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो ने वन मंडल अधिकारी से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



वन परिक्षेत्र कुंआरपुर के छपराटोला में मासूम बालक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया और उसे दबोच कर ले जा रहा था. छपराटोला के ग्रामीणों ने हो हल्ला किया तो तेंदुआ ने बालक को छोडक़र वापस जंगल की ओर भाग गया. घटना में बच्चे के गले में गम्भीर चोटें आई है. घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है.वहीं यह इस क्षेत्र में दूसरी घटना है. इसके पहले भी तेंदुए के हमले से एक महिला की मौत हो चुकी है. वन विभाग क्षेत्र में लोगों को जंगल न जाने की समझाइश दे रहा है. मुनादी भी कराई गई है कि रात में अपने घर से बाहर न निकले।

मासूम अपने घर के दरवाजे पर अपनी दादी और बहन, मां के साथ था. मां मोबाइल पर बात करने लगी तभी आदमखोर तेंदुआ अचानक आया और आठ वर्षीय मासूम बालक पर हमला कर दिया. उसकी गर्दन को पकड़ लिया और जंगल की ओर घसीट कर ले जाने लगा. घर के बाहर ऊंची दीवाल होने के कारण तेंदुआ बालक को नहीं ले जा सका. ग्रामीणों के हल्ला होने पर बालक को वही छोडक़र तेंदुआ वहां से भाग गया. घायल मासूम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## पति ने पत्नी की टंगिया मारकर बेरहमी से की हत्या

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में शनिवार रात को अपने बेटे-बेटी के सामने ही पति ने अपनी पत्नी की टंगिया मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात की जानकारी खुद आरोपी ने अपने रिश्तेदारों और पुलिस को दी। इधर पिता का खौफनाक रूप देख बेटा.बेटी सहमे हुए हैं। मामला सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र का है।




जानकारी के मुताबिक,नर्सरी पारा कोहडिया में योगेंद्र श्रीवास अपनी पत्नी मंजीता श्रीवास और दो बच्चों 10 साल की बेटी और 8 साल के बेटे के साथ रहता है। 38 वर्षीय योगेंद्र एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर हैं। पति-पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। शनिवार शाम साढ़े 7 बजे योगेंद्र अस्पताल से अपने घर पहुंचा। कपड़े बदलने के बाद उसने पत्नी को खाना परोसने के लिए कहा। इस पर दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। वहीं पर 10 साल की बेटी और 8 साल का बेटा भी मौजूद थे। माता-पिता को झगड़ा करता देख दोनों डर गए। इधर गुस्से में आकर योगेंद्र ने बेटे-बेटी के सामने ही पत्नी मंजीता पर टंगिया से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे मंजीता लहूलुहान होकर फर्श पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। मां को अपनी आंखों के सामने मरता देख बेटे-बेटी रोने लगे। दोनों मां की मौत से सदमे में हैं। हत्या के1 घंटे के बाद आरोपी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी योगेंद्र श्रीवास को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस और रिश्तेदारों को दोनों बच्चों ने बताया कि पिता ने ही उनकी मां की हत्या की है। फिलहाल दोनों बच्चे रिश्तेदारों के पास हैं।

पुलिस ने सबूत इक_ा कर मकान को सील कर दिया है। मृतका मंजीता का मायका जांजगीर जिले के मुलमुला में है और 13 साल पहले कोहडिय़ा निवासी योगेंद्र के साथ उसकी शादी हुई थी। सीएसईबी चौकी प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। परिजनों और पड़ोसियों के बयान भी लिए जा रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# कलेक्टर ने सड़क निर्माण में अमानक गिट्टी के उपयोग पर लगाई रोक

**❒ हॉट मिक्स प्लांट में गिट्टी से भरे कंटेनर को तत्काल हटवाने के निर्देश**

**रायपुर (आरएनएस)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ग्रामीण सडक़ों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य पर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव स्वयं निगरानी रख रहे हैं। सडक़ निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखने के लिए वह लगातार विभिन्न अंचलों का दौरा कर निर्माणाधीन सडक़ों के विभिन्न लेयरों की मोटाई, उसमें प्रयुक्त मटेरियल की गुणवत्ता और सडक़ की चौड़ाई आदि की जांच भी मौके पर विशेषज्ञ तकनीकी अधिकारियों से करा रहे हैं। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव 24 दिसंबर को इसी सिलसिले में खडग़वां विकासखंड में गुड़भेला नाला से सिंघत, दुग्गी से खडग़वां तथा कोरबा से चिरमिरी सडक़ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गुड़भेला नाला से सिंघत सडक़ डामरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान वहां बिछायी जा रही 19 एम.एम. मिक्स गिट्टी का कुछ पाट्र्स रोलर चलाने से टूटने का मामला सामने आने पर इस गिट्टी के उपयोग पर तत्काल रोक लगाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सडक़ निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी की गुणवत्ता की जांच के लिए ग्राम पंचायत मंझोली स्थित हॉट मिक्स प्लांट पहुंचे और वहां तैयार किए जा रहे डामरयुक्त गिट्टी का मुआयना किया। कलेक्टर ने गिट्टी की क्वालिटी अमानक पाये जाने पर प्लांट में रखी गिट्टी को तत्काल वहां से हटवाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को इस गिट्टी का उपयोग सडक़ निर्माण कार्य में नहीं करने की सख्त हिदायत दी और कन्टेनर में रखी गिट्टी को भी प्लांट के बाहर करवा दिया। गुड़भेला नाला से सिंघत सडक़ का डामरीकरण 4.50 लाख रूपए की लागत से किया जा रहा है। इस सडक़ की लंबाई 3.1 किलोमीटर है। कलेक्टर ने इस दौरान 5.95 लाख रूपए की लागत से दुग्गी से खडग़वां सडक़ के जीर्णोद्धार तथा 95 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन कोरबा से चिरमिरी सडक़ का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने तथा दुग्गी से खडग़वां मार्ग का निर्माण तेजी से पूरा कराये जाने का निर्देश दिए। गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में लगभग 60 करोड़ रूपए की लागत से कई ग्रामीण सडक़ों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जनकपुर बाईपास सडक़ का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख 78 हजार रूपए की लागत से कराया जा रहा है, यह बाईपास 1.50 किलोमीटर लंबाई की है। इसी तरह जिले में 3.73 करोड़ रूपए की लागत से सरभोका से डोंगरीटोला सडक़, 8.09 करोड़ की लागत से पेण्ड्री अटल चौक से मटुकपुर मार्ग, 6.09 करोड़ की लागत से घुटरा से मुसरा मार्ग, 2.19 करोड़ रूपए की लागत से केल्हारी चौक से मध्यप्रदेश सीमा तक सडक़, 3.12 करोड़ रूपए की लागत से गुड़घेला नाल से सिंगरघाट, 5.95 करोड़ रूपए की लागत से दुग्गी से खडग़वा, 2.58 करोड़ रूपए की लागत से मनेन्द्रगढ़-लेदरी-पाराडोल सडक़, 3.34 करोड़ रूपए की लागत से लेदरी से गुरचहवा मार्ग, 7.52 करोड़ रूपए की लागत से भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत माथमौर से भैसुन सडक़ तथा 4.18 करोड़ रूपए की लागत से भगवानपुर से मां चांग देवी मार्ग का निर्माण जारी है।